पत्रांक–04/वि० 16–32/2025 (496473)....213....

बिहार सरकार

<u>शिक्षा विभाग</u>

प्रेषक :

मनोरंजन कुमार,
निदेशक (प्रशासन)।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक–..03../..02../2026

विषय : **शिक्षा विभाग की भूमि का आंकड़ा संकलन, सत्यापन, संरक्षण एवं विभाग के विकासात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए ससमय भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।**

महाशय,

राज्य में सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा विभाग दृढ़संकल्पित है। इस हेतु यह नितांत आवश्यक है कि शिक्षा विभाग की राज्य भर में उपलब्ध सभी प्रकार की भूमि (यथा–सरकारी–विद्यालयों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों/शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थानों/पुस्तकालयों/ शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं अन्य किसी भी प्रयोजन में उपयोग में लाई जा रही भूमि, आदि) का स्पष्ट विवरण/आंकड़ा उपलब्ध रहे तथा उसके सत्यापनोपरांत भूमि का संरक्षण किया जा सके ताकि विभाग के विकासात्मक कार्यों के लिए ससमय भूमि उपलब्ध हो सके।

2. इस उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तर पर भू–सम्पदा पदाधिकारी तथा जिलों के लिए सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारियों के सेवानिवृत्त संविदात्मक पद का सृजन किया गया है तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विषय के जानकार पदाधिकारियों को नियोजित किया गया है।

3. संप्रति राज्य के प्रमंडलीय मुख्यालय के जिलों में सहायक भू–संपदा पदाधिकारियों की पदस्थापना की जा रही है। सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी अपने पदस्थापन के जिला शिक्षा कार्यालय में कार्य करेंगे, जहां उनके बैठने एवं कार्य संपादन के लिए आवश्यक व्यवस्था/सुविधाएं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/कार्यक्रम पदाधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आवश्यकतानुरूप सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी को भी अपने वाहन में साथ ले जाएंगे ताकि इन्हें भूमि का विवरण संकलन एवं सत्यापन में सुविधा हो। विशेष कार्य प्रयोजन के लिए आवश्यकतानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इन्हें वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा सभी विद्यालयों से समन्वय एवं सहयोग स्थापित कर सहायक भू–सम्पदा

पदाधिकारियों को भूमि विवरण संकलन एवं सत्यापन में सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

4. निदेशानुसार अनुरोध है कि शिक्षा विभाग की भूमि का विवरण संकलन, सत्यापन एवं संरक्षण के कार्य में सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारियों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निदेश अपने जिले के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को देने की कृपा की जाए तथा इसका नियमित अनुश्रवण भी किया जाए। विवरण संकलन/सत्यापन के प्रपत्र सुलभता के लिए संलग्न किए जा रहे हैं **(प्रपत्र–1A, 1B, 2, 3 एवं 4 संलग्न)**।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

03/02/2026

(मनोरंजन कुमार)

निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांकः–04/वि. 16–32/2025 (496473)....213 पटना, दिनांकः–...03.02.2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के आशुलिपिक/संचिव, उच्च शिक्षा विभाग के आशुलिपिक/सभी निदेशक/सभी संयुक्त सचिव/सभी उप निदेशक/उप निदेशक (प्रशासन)/सभी उप सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/ भू–सम्पदा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सभी सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

03/02/2026

निदेशक (प्रशासन)।

शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों की भू–सम्पदा विवरणी

प्रपत्र–1–A

प्रमण्डल का नामः–

तिथिः–

क्र0 सं0	जिला का नाम	अंचल का नाम	संबंधित पंचायत का नाम	संबंधित राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना नं0	शिक्षण संस्थान (विद्यालय) का नाम	भूमि का खाता नं0	भूमि का खेसरा नं0 (प्लॉट नं0)	भूमि का रकबा			चौहद्दी	भूमि से संबंधित कागजात (हाँ / नहीं)	भूमि का प्रकार यथा गैरमजरूआ आम / गैरमजरूआ मालिक / रैयती / अन्य प्रकार	जमाबन्दी कायम है और रसीद निर्गत है। (हाँ / नहीं) यदि हाँ तो जमाबंदी	भूमि किस प्रकार से प्राप्त है सरकारी / डीड / दान इत्यादि	भूमि पर दखल है या नहीं (हाँ / नहीं)	अभ्युक्ति
								भवन वाली भूमि का रकबा	शेष भूमि का रकबा	कुल रकबा							
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18

शिक्षा विभाग अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के विद्यालयों/प्रशिक्षण संस्थानों/कार्यालयों इत्यादि में भूमि अतिक्रमण की विवरणी

प्रपत्र–4

तिथिः–

ामण्डल का नामः–

क्र0 सं0	जिला का नाम	अंचल का नाम	संबंधित नगर निकाय/पंचायत का नाम एवं वार्ड सं०	संबंधित राजस्व ग्राम/नगर निकाय का नाम एवं थाना नं0	विद्यालय/प्रशिक्षण संस्थान/कार्यालय का नाम	खाता नं0	खेसरा नं0	कुल रकबा	चौहद्दी	अतिक्रमित भूमि का रकबा	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित अन्य प्रकार के सरकारी विद्यालयों यथा संस्कृत, मदरसा विद्यालयों की भू–सम्पदा विवरणी

प्रपत्र–1–B

प्रमण्डल का नामः–

तिथिः–

क्र0 सं0	जिला का नाम	अंचल का नाम	संबंधित पंचायत का नाम	संबंधित राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना नं0	शिक्षण संस्थान (विद्यालय) का नाम	भूमि का खाता नं0	भूमि का खेसरा नं0 (प्लॉट नं0)	भूमि का रकबा			चौहद्दी	भूमि से संबंधित कागजात (हाँ/नहीं)	भूमि का प्रकार यथा गैरमजरूआ आम/गैरमजरूआ मालिक/रैयती/अन्य प्रकार	जमाबन्दी कायम है और रसीद निर्गत है। (हाँ/नहीं) यदि हाँ तो जमाबंदी सं०	भूमि किस प्रकार से प्राप्त है सरकारी/डीड/दान इत्यादि	भूमि पर दखल है या नहीं (हाँ/नहीं)	अभ्युक्ति
								भवन वाली भूमि का रकबा	शेष भूमि का रकबा	कुल रकबा							
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18

शिक्षा विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों/बोर्ड/निगम इत्यादि की भू–सम्पदा विवरणी

प्रपत्र–3

प्रमण्डल का नामः–

तिथिः–

क्र0 सं0	जिला का नाम	अंचल का नाम	संबंधित पंचायत का नाम	संबंधित राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना नं0	शिक्षण संस्थान (विद्यालय) का नाम	भूमि का खाता नं0	भूमि का खेसरा नं0 (प्लॉट नं0)	भूमि का रकबा			चौहद्दी	भूमि से संबंधित कागजात (हाँ/नहीं)	भूमि का प्रकार यथा गैरमजरूआ आम/गैरमजरूआ मालिक/रैयती/अन्य प्रकार	जमाबन्दी कायम है और रसीद निर्गत है। (हाँ/नहीं) यदि हाँ तो जमाबंदी सं०	भूमि किस प्रकार से प्राप्त है सरकारी/डीड/दान इत्यादि	भूमि पर दखल है या नहीं (हाँ/नहीं)	अभ्युक्ति
								भवन वाली भूमि का रकबा	शेष भूमि का रकबा	कुल रकबा							
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18

शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण संस्थानों यथा DIET, BITE, PTCE इत्यादि की भू–सम्पदा विवरणी

प्रपत्र–2

प्रमण्डल का नामः–

तिथिः–

क्र0 सं0	जिला का नाम	अंचल का नाम	संबंधित पंचायत का नाम	संबंधित राजस्व ग्राम का नाम एवं थाना नं0	शिक्षण संस्थान (विद्यालय) का नाम	भूमि का खाता नं0	भूमि का खेसरा नं0 (प्लॉट नं0)	भूमि का रकबा			चौहद्दी	भूमि से संबंधित कागजात (हाँ / नहीं)	भूमि का प्रकार यथा गैरमजरूआ आम / गैरमजरूआ मालिक / रैयती / अन्य प्रकार	जमाबन्दी कायम है और रसीद निर्गत है। (हाँ / नहीं) यदि हाँ तो जमाबंदी सं०	भूमि किस प्रकार से प्राप्त है सरकारी / डीड / दान इत्यादि	भूमि पर दखल है या नहीं (हाँ / नहीं)	अभ्युक्ति
								भवन वाली भूमि का रकबा	शेष भूमि का रकबा	कुल रकबा							
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18